पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 3 ◆ रायपुर 05 अगस्त 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### 1 नवंबर को 'अमृत रजत महोत्सव' में प्रधानमंत्री मोदी को दिया न्यौता

## पीएम से मिले मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ के विकास को मिली नई रफ्तार

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने संसद भवन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को 1 नवंबर 2025 को रायपुर में आयोजित अमृत रजत महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया।



साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विज़न @2047' दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विज़न दस्तावेज़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम 2023 से प्रेरणा लेते हुए राज्य में जन विश्वास विधेयक 2025 पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है।

*मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री को राज्य में औद्योगिक निवेश और रोज़गार सृजन के क्षेत्र में हो रही उल्लेखनीय प्रगति की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में लागू की गई नई औद्योगिक नीति 2024-30 के परिणामस्वरूप राज्य में निवेशकों की रुचि निरंतर बढ़ रही है। नीति के तहत सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया गया है, जिससे उद्योगों की स्थापना सरल, त्वरित और पारदर्शी बनी है। 1000 से अधिक व्यक्तियों को रोज़गार प्रदान करने वाले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।*



## शिवरतन शर्मा ने रमेश बैस को दी जन्मदिन की बधाई



**भाटापारा।** उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने त्रिपुरा, झारखंड,महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के जन्मदिन के अवसर पर राजधानी स्थित उनके निवास पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शिवरतन शर्मा ने श्री बैस को पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। छत्तीसगढ़ के विकास में बैस का मंदिर हसौद विधायक, रायपुर सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं राज्यपाल के रूप में जनसेवा का एक विस्तृत अनुभव रहा है। प्रदेश के विकास में उनका अतुलनीय योगदान है। शर्मा ने बैस के स्वस्थ्य जीवन व दीर्घायु की कामना की।

### सावन की पावन बेला में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया भगवान शिव का रूद्राभिषेक

## रायपुर की भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सावन मास के पवित्र अवसर पर राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी क्षेत्र में आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मारूति मंगलम भवन, गुढ़ियारी से हटकेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक हजारों की संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक हेतु रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है और हमारे लोक-विश्वास की गहराई को प्रकट करता है। सावन महीने में कांवड़ यात्रा शिवभक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु कई-कई किलोमीटर पदयात्रा कर भोलेनाथ को जल अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर के महादेव घाट स्थित भगवान हटकेश्वरनाथ महादेव का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यंत गहरा है। यहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में जलाभिषेक हेतु एकत्र होते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है। कांवड़ यात्रा जैसी आयोजन न केवल परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह और रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



### भूमिपूजन ग्राम कोदवा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

# ग्रामीणों को तरक्की की मुख्यधारा से जोड़ रही भाजपा सरकार - शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र में अधोसंरचना विकास से लेकर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना भाजपा की प्राथमिकता है जिसके लिए प्रयास अनवरत जारी है। उक्त बाते विधानसभा के निपनिया मंडल अंतर्गत ग्राम कोदवा में बनने वाले निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं साहू समाज भवन के आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित कर कही। शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन ग्राम कोदवा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामों का समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत ग्रामीणजनों को तरक्की की मुख्यधारा से जोड़ रही है।

जनता की समस्याओं का निराकरण करना भाजपा का लक्ष्य है। आज प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किये जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सज़ी विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना। उक्त अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष ज़ेला वर्मा, सभापति जनपद मालिक राम साहू , मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु , भाजपा नेता राजेश पटेल, सरपंच चन्द्रिका दिलीप रात्रे, उपसरपंच सरिता अजय यदु सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# युवा यादव सम्मेलन संपन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय बालमंदिर के पीछे स्थित साहड़ा देव प्रागंण में सर्व यादव युवा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न हुई उक्त बैठक को संबोधित करते हुए मनीष यादव ने कहा कि 35 लाख युवा यादवो को समाज की मुख्य धारा में आगे आकर काम किये जाने की जरूरत है । वही सरजू यादव ने कहा कि युवा व युवती दोनो यादव शक्ति को आगे आकर समाज हित में काम करना चाहिए । सुरेश यदु ने कहा कि साहड़ा देव स्थल में प्रस्तावित काम्पलेक्स निर्माण के संबंध में शिवरतन शर्मा एवं अश्वनी शर्मा ने समाज की भावना से अवगत कराया है । उक्त अवसर पर एम यादव बिलासपुर , एम एल यादव पलारी, मजीत यादव ,सुनील यदु , अजय यादव , दिनेश यादव , लोकेश यादव , उमेश यादव ,नेतराम यादव , लोकेश यादव , लखन यादव , जितेन्द्र यादव , अनूप यादव, तरूण यादव, पूरन यादव, किशोर यादव, ज़ीखम यादव, परमेश्वर यदु , रेशम यदु, दुर्गेश यादव, सुखदेव यादव, ओमप्रकाश यादव , गोर्वधन यदु , हीरालाल यादव, शेषनारायण यादव द्रोपती यादव , रामेशवरी यादव जानकी यादव रूखमणी यादव , लक्ष्मीनारायण यादव कमलेश यादव , सुरेश यादव , रोकित यादव, लक्ष्मीनारायण यादव , छोटू यादव , ज़ेला यादव , गोलू यादव , रोशन लाल यादव , डोमारसिंग यादव , नीरज यादव , रामनारायण यादव, गिरधारी यादव , माखन यादव, किशोर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी रमेश यदु ने दी है।

## सरयु साहित्य द्वारा रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन



**भाटापारा।** सरयु साहित्य समिति द्वारा रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे सुशील शर्मा ने प्रोत्साहन उपहार प्रदान किया उक्त अवसर पर राजेन्द्र जोशी , प्रकाश तिवारी , मानिकप्रसाद , मोनिक दुबे , बबिता ज़ुगु ,सीमा अवस्थी, उषा मिश्रा , सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे ,हरिहर शर्मा, दिनेश शर्मा ,राकेश चौबे ,सचिन्द्र शर्मा, सीमा तिवारी ,सरिता शर्मा ,रानी शर्मा, मीता शर्मा ,निशा शर्मा सहित अन्य लोगो का ज़रपुर सहयोग रहा ।

## सुरखी स्कूल में खेल शिक्षक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**भाटापारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सुरखी में खेल शिक्षक के लिए शारीरिक शिक्षा मे स्नातक डिग्री वाले शिक्षक की आवश्यक्ता है इसके लिए इच्छुक अज़्यार्थी 5 अगस्त तक विद्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते है उम्मीद्वार कर चयन मेंरिट आधार पर किया जायेगा और अंतिम निर्णय जिला स्तर पर गठित जिला समिति के अनुमोदन के बाद होगा । उक्ताशय की जानकारी इंद्राणी साहू ने दी है ।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

## करंट मामले की यह पहली घटना नहीं, बल्कि बेमेतरा से कई जान करंट के हवाले

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** थानखम्हरिया तहसील अंतर्गत ग्राम बनरांका में रविवार दोपहर सुबह एक हृदयविदारक हादसे में 30 वर्षीय युवक की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब मृतक विद्युत पंप कनेक्शन के सर्विस तार के संपर्क में आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह लगभग 11 बजे की है। युवक परमानन्द कश्यप जो कि भारतीय जनता पार्टी के बनरांका बुथ अध्यक्ष थे, जो खेत के कार्य हेतु



विद्युत पंप चालू करने गया था, तभी अचानक खुले तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही खम्हरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए थानखम्हरिया भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में मृतक का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में संपन्न हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक



भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरुआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। राजस्थान के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है। दरअसल डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामलें में जमानत देने से इंकार करते हुए सख्त टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपालोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। दरअसल डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में भी बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ ही डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। मजे की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर हजारों नही बल्कि लाखों रुपए अपने खातों में ड़लवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रहे हैं पर इस सबके बाजवूद इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। 1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरु कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ ही केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया। साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर है। चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरुआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। लाख प्रयासों के बावजूद 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलों में 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

# टैरिफ दादागिरी के बीच 'स्वदेशी' एक जनक्रांति बने

**डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था' तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दबाव की राजनीति' और 'टैरिफ की दादागिरी' का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है।**



मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को 'लोकल के लिए वोकल' बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है।

डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था" तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की 'ऑक्सीजन' मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है। भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र 'स्वदेशी' है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ 'यहां बनाएं' तक सीमित नहीं है, यह 'यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ' बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का 'मेक इन इंडिया' अभियान अब 'मेड बाय इंडिया' की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली।

*हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोज़ी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है।*



**- ललित गर्ग**

# कारगिल विजय दिवस का भव्य आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा 26 जुलाई 2025 दिन शनिवार को जय स्तंभ भारत माता के पास कारगिल विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया ।जिसमें अतिथिगण, स्कूली बच्चे, शिक्षक एवं शहर के आम नागरिक थे ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा जी अध्यक्ष „स्क अभिषेक सिंह छस्क तारेश साहू जी भाटापारा थाना सभा प्रभारी शशांक ठाकुर और वरिष्ठ कांग्रेस अधिकारी सतीश अग्रवाल जी नगरसंघ संचालक संतोष पांडे, नगर कार्यवाह रविंद्र शर्मा (पार्षद सुभाष वार्ड संध्या राजेश साहू जी (पार्षद शंकर वार्ड नंदकिशोर वैष्णव ,महिला साहू समाज अध्यक्ष कमल राजेश साहू जी को आमंत्रित किया गया था । मुख्य अतिथि के आगमन और स्वागत के बाद कारगिल के वीर शहीदों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं श्रद्धांजलि मुख्य अतिथि और पूर्व सैनिक के द्वारा दिया गया प्रस्तुति के पश्चात कारगिल विजय दिवस का संक्षिप्त विवरण अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बलौदाबाजार भाटापारा के । तत्पश्चात सुनील वर्मा संरक्षक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा संगठन के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया गया और माननीय शिवरतन शर्मा जी द्वारा पूर्व सैनिकों को श्रीफल और शाल देकर सम्मान किया गया ।

इस कार्यक्रम संरक्षक (सूबेदार मेजर) सूर्यकांत अग्रवाल , सूबेदार सुनील वर्मा हवलदार नारायण साहू (जिला अध्यक्ष ) सुनील तिवारी उपाध्यक्ष हवलदार निलेश तंबोली सचिव धीरेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष अजय सेन सदस्य तुलसी आंचल संगठन के सभी (सैन्य मातृशक्तियां जिला अध्यक्ष)प्रियंका तिवारी मीनाक्षी तंबोली सुनीता अंचल और बच्चे उपस्थित रहे ।






# "हरीतिमा की ओर कदम-कसडोल में भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न"

विशेष प्रतिनिधि




**कसडोल।** नगर में भारत माता सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 22 जुलाई मंगलवार को एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत परिषद, जनप्रतिनिधियों, महिला मंडल एवं युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 बादाम और 100 अन्य विविध पौधों का वृक्षारोपण किया गया, जिन्हें ट्री गार्ड द्वारा सुरक्षित किया गया। वृक्षारोपण मुख्य रूप से विद्यानगर वार्ड, कसडोल में किया गया, जिसमें नीम, आम, बरगद, अमरूद, बबूल सहित छायादार, फलदार व औषधीय पौधों को शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री टेसूलाल धुरंधर थे,जिन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा, प्रकृति हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। इससे न केवल पर्यावरण संतुलित होता है, बल्कि वायुमंडलीय शुद्धता भी बनी रहती है।

विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष कसडोल के श्री नागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के उपाध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी, धनंजय साहू (युवा प्रकोष्ठ) एवं श्रीमती शीला वर्मा (महिला मंडल जिला उपाध्यक्ष) ने की। कार्यक्रम संयोजक श्री नीरज परगनिहा ने बताया कि संस्था केवल पर्यावरण सेवा ही नहीं, बल्कि समाज सेवा के अन्य क्षेत्रों—जैसे कि निर्धनों की सहायता, रक्तदान, अपंग-असहाय व्यक्तियों की मदद—में भी सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि हर सेवा कार्य की सूचना संस्था को दें ताकि उचित सहायता प्रदान की जा सके। कार्यक्रम में नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल और प्रेरणादायक बना दिया। संपूर्ण नगर 'ग्रीन कसडोल' की परिकल्पना की ओर अग्रसर दिखाई दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को 'हरियाली की शुभकामनाएं' देते हुए समापन की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षद रामा धीवर, सुंदर लाल साहू, पुनेश्वर नाथ मिश्रा,रवि कुर्मी,टिकेश्वर कन्नौजे,अनील श्रीवास, हुसैन नवरंगे, शिवकुमार जायसवाल, मां अन्नपूर्णा समिति कसडोल के अध्यक्ष रामफल साहू, सुरेन्द्र यादव,शिव यादव आदि उपस्थित थे।

# अमित सिंह राजपूत का इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIIT) हैदराबाद में हुआ चयन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। समीपवर्ती ग्राम उलट निवासी प्रगतिशील किसान नेता एवं युवा समाजसेवी श्री जलेश्वर सिंह राजपूत के सुपुत्र अमित सिंह राजपूत ने समूचे क्षेत्र को गौरवान्वित करते हुए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (IIIT) हैदराबाद में बी.टेक (कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रम के लिए चयनित होकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।



अमित की शैक्षणिक यात्रा के प्रारंभिक चरण में उन्होंने के.जी.-1 से कक्षा 5वीं तक साईंनाथ पब्लिक स्कूल, थानखम्हरिया में शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात नवोदय विद्यालय बेमेतरा में अर्बन सीट से चयनित हुए। कक्षा 10वीं के उपरांत उन्होंने दक्षिणा फाउंडेशन की परीक्षा उत्तीर्ण कर अवांती फाउंडेशन इंदौर के माध्यम से ओझर नवोदय विद्यालय (बड़वानी) में रहकर दो वर्षों तक जेईई मेन्स की कोचिंग एवं 11वीं-12वीं की पढ़ाई पूर्ण की।

वर्ष 2025 में जेईई मेन्स परीक्षा में 98.85 पर्सेंटाइल अर्जित कर उन्होंने जेईई एडवांस्ड में भी भाग लिया और 9241 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की। इसी दौरान नवोदय विद्यालय समिति द्वारा कंप्यूटर साइंस में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए आयोजित विशेष चयन परीक्षा में भी अमित ने सफलता प्राप्त कर IIIT हैदराबाद में स्थान सुनिश्चित किया।

अमित के हैदराबाद रवाना होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। साईंनाथ पब्लिक स्कूल, नवोदय विद्यालय बेमेतरा, ग्राम उलट तथा समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गुरुओं, शुभचिंतकों और सामाजिकजनों ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से आशीष सिंघानिया, दारा सिंह राजपूत (केन्द्रीय अध्यक्ष, क्षत्रिय समाज 3738 छत्तीसगढ़), मनोज सिंह राजपूत, दिलीप सिंह राजपूत (परिक्षेत्र अध्यक्ष, क्षत्रिय समाज 3738), सुमन मोहित प्रताप सिंह ठाकुर (रणवीरपुर), प्रवीण कुमार राजपूत, फलेश्वर सिंह राजपूत, विष्णु सिंह सेंगर,परितोष सिंह क्षत्रिय, अशोक सिंह ठाकुर, पं. अशोक प्रसाद शर्मा (नवागढ़) आदि ने अमित को आशीर्वाद व ढेरों शुभकामनाएं दीं।

# पृथ्वी ही शिवलिंग है-शास्त्री जी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया श्यामपुर कांपा ।** अनंत श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्यामपुर कांपा से पधारे मोहन नारायण शास्त्री जी ने कहा कि ब्रह्मांड ही शिवलिंग है ब्रह्मांड में पृथक पृथक अनंत शिवलिंग है संपूर्ण जगत शिव स्वरूप है जगत ही शिव है, अलग-अलग युग में भगवान शिव अलग-अलग स्वरूप में प्रकट होते हैं सतयुग में भगवान शिव नर नारायण के रूप में प्रकट होते हैं त्रेता युग में भगवान शिव राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के रूप में प्रकट होते हैं द्वापर युग में भगवान शिव श्री कृष्ण बलदाऊ के रूप में प्रकट होते हैं कलयुग में भगवान शिव कल्कि अवतार रूप में प्रकट होते हैं चार वेद छै शास्त्र अठारह पुराण अठारह उपपुराण एक सौ आठ उपनिषद शिव जी का स्वरूप है कल्प भेद के कारण अलग अलग युग के कारण अलग-अलग अवतारों का पुराणों में वर्णन है, शिवजी का मुख्य रूप से पांच स्वरूप है आकाश स्वरूप पृथ्वी स्वरूप अग्नि स्वरूप वायु स्वरूप अलग-अलग ऋतु में भगवान शिव का पूजन का अलग-अलग विधान है लेकिन वर्षा ऋतु भगवान शिव को विशेष प्रिय है वर्षा ऋतु में परम पवित्र पुनीत पावन श्रावण मास अति प्रिय है संपूर्ण विश्व भगवान शंभू का आराधना में उत्सव में मग्न हो जाते हैं पृथ्वी ही शिवलिंग है देवराज इंद्र वर्षा के द्वारा शिव अभिषेक करते हैं घास दुर्वा बेलपत्र अनेक प्रकार के पुष्प भगवान का श्रृंगार है आकाश में जो इंद्रधनुष चमकता है वही शिव का त्रिपुंड है, सूर्य दीपक है बादल का गर्जना मधुर मधुर संगीत है वर्षा ऋतु का फल भगवान शिव का नैवेद्य है इस प्रकार तैतिस कोटि देवताओं प्रतिनिधित्व करते हुए देवराज इंद्र भगवान शिव का अभिषेक पूजन करते हैं ऐसा दृश्य हमें दिखाई दे तो हम भी हाथ जोड़कर जहां है वहीं खड़ा होकर इस माहा अमृत अभिषेक में शामिल होकर महान पुण्य का भागी बन सकते हैं, सारगर्भित धर्म उपदेश शास्त्री जी ने कहीं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।



# राधा कृष्ण जमात मंदिर में तुलसी जयंती मनाई गई

## गोस्वामी तुलसी दास को संत नरहरी से मिली थी रामचरितमानस लिखने की प्रेरणा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखमरिया। राधा कृष्ण जमात मंदिर में प्रतिवर्षानुसार संत शिरोमणि तुलसीदास जी की जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राम हर्षण कुंज साजा, राम मंदिर महंत वैष्णव दास जी, पं. मृत्युंजय मिश्रा, महंत वसंत बिहारी दास, अशोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



महंत वैष्णवदास का पुष्प हार से स्वागत किया गया। महंत वैष्णवदास के द्वारा संत तुलसीदास जी की महिमा वह चरित्र का विस्तार से वर्णन किया गया। आपके द्वारा श्रोताओं को संबोधित करते हुए बताया, गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस नामक काव्य की रचना की। जो संस्कृत रामायण का हिंदी रूपांतरण है। वे भगवान राम के अत्यंत भक्ति भावि भक्त थे। तुलसीदास जी संस्कृत ग्रंथों को हिंदी में रूपांतरित कर, धार्मिक और भक्ति साहित्य को सरल और लोकप्रिय बनाया। तुलसीदास जी रामायण के आधार पर ही, अवधी भाषा में रामचरितमानस लिखे, आगे आपके द्वारा बताया गया, तुलसीदास ने रामचरितमानस के अलावा कवितावली, दोहावली, दुर्गा सप्तशती, हनुमान चालीसा, गीतावली, विनय पत्रिका, ज्ञान की मंगल जैसे कुल 13 ग्रंथो की रचना की।

जो कि लोगों को भक्ति भाव से विभोर कर देती है। आगे आपके द्वारा मानव को मर्यादित जीवन जीने, तथा समाज कल्याण की प्रेरणा देने वाले महान ग्रंथ श्री रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर उन्होंने कोटि-कोटि बधाई दी। आगे आपके द्वारा तुलसीदास जी के गुरु नरसिंह दास थे। वे एक प्रसिद्ध संत थे। और तुलसीदास जी ने उनसे ही राम कथा सुनी। और रामचरितमानस लिखने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर पं. ओमप्रकाश जोशी, शिवेंद्र बिंदल, हरि अग्रवाल, दीपक बंसल, देवानंद त्रिपाठी, राकेश जोशी, मुकेश सिंघानिया, गोविंद शर्मा, लखन साहू प्राचार्य, राजेश अग्रवाल, नंद कुमार वैष्णव, सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नाग पंचमी के अवसर पर कन्हेरा स्कूल में हुआ सांस्कृतिक और शिक्षाप्रद आयोजन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कन्हेरा में नाग पंचमी पर्व का आयोजन श्रद्धा एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरुआत मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक श्री चौवन सिंह वर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल प्रसाद वितरण से हुई। इसके पश्चात शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नागपंचमी की सामाजिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्ता की जानकारी दी। शिक्षक श्री प्रवीण कुमार वर्मा, श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती रेखा साहू, श्रीमती अहिमन सिन्हा, श्रीमती उषा मानिकपुरी एवं श्री टोपलाल गेंड्रे ने विद्यार्थियों को सर्पदंश (सांप काटने) की स्थिति में सतर्क रहने की सलाह दी और बताया कि ऐसी स्थिति में तुरन्त अस्पताल जाकर इलाज कराना चाहिए। उन्होंने बैगा-गुनिया जैसे अंधविश्वासों से दूर रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका श्रीमती पुष्पा साहू ने नाग पंचमी की धार्मिक व्याख्या करते हुए बताया कि यह पर्व भगवान शिव और नाग देवता को समर्पित है। हिन्दू मान्यता अनुसार, इस दिन नागों की पूजा से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। यह पर्व पृथ्वी और जीवों के सम्मान का प्रतीक है और हमें पर्यावरण के साथ संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस प्रकार, नाग पंचमी का यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा रहा, बल्कि इसमें विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रकृति और परंपरा के समन्वय की भी प्रेरणा मिली।





# पार्षद पंडित ऋषि तिवारी ने कराया न्योता भोजन



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया ।** नगर के वार्ड नंबर 12 के पार्षद पंडित ऋषि प्रसाद तिवारी में शासकीय प्राथमिक शाला बालक और कन्या में अपने पार्षद बनने पर शाला के सभी बच्चों को पूर्ण न्योता भोजन कराया शासन की महती योजना प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत न्योता भोजन योजना संचालित है जिसमें समुदाय की ओर से पूर्ण/आशिक व अतिरिक्त भोजन कराया जाता है जिससे मध्यान भोजन में रोचकता आती है एवं बच्चों का शारीरिक विकास होता है. इसी तारतम्य में आज शासकीय बालक एवं कन्या प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें खीर पूरी सब्जी सभी बच्चों को परोसा गया। न्योता भोजन में शाला परिवार की ओर से मोहन सिन्हा प्रधान पाठक सेवती ध्रुव,मुकेश कुमार साहू एवं हसनैन तंवर सम्मिलित हुए। अतिथियों में ढाल सिंह राजपूत व्याख्याता अजीमुद्दीन कुरेशी एवं हरि केडिया संकुल समन्वय सम्मिलित हुए।

# विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** भाटापारा में विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन मयूर स्कूल भाटापारा में हुआ जहां भाटापारा के अलग-अलग स्कूलों के कक्षा छठवीं से 12वीं तक के 400 से अधिक छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया । उक्त आयोजन में शाश्वत लिटिल स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल सिंगारपुर भाटापारा, स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ देवरी स्कूल ,मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल,नगर पालिका बालिका स्कूल,मयूर क्लब भाटापारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल,शिवलाल मेहता , लायंस क्लब स्कूल, इग्नाइट गर्ल्स स्कूल भाटापारा एवं विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अन्य स्कूलों से भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया द्य

कराते में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों का जिला स्तर के लिए चयन हुआ चयनित खिलाड़ी 6 अगस्त को होने वाले जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता में भाटापारा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रतियोगिता विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विकासखंड के व्यायाम शिक्षकों के साथ साथ जिला कराते संघ महासचिव ऋषभ सिंह चौहान , चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान,सचिव नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, भानु देवांगन,प्रवीण मोहले ,मोहन वर्मा , ओम चोरिया, नेहरू निर्मलकर, नीलम ध्रुव , का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल विभाग जिला कराते संघ और चैंपियन मार्सलार्ट के नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा उक्त आयोजन को संपन्न कराने में शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल सिंगारपुर, स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ देवरी स्कूल, मयूर शिशु मंदिर स्कूल भाटापारा का विशेष सहयोग रहासफलता के साथ संपन्न हुआ। उक्त प्रतिस्पर्धा के दौरान विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी योगेश कटारिया क्रीडा शिक्षक तरुण सेन , चंद्रकांत बांगडे ,लोक सिंह दीवान , सुमन सहा उमा प्रसाद राठौर , शाश्वत लिटिल स्टार स्कूल सिंगारपुर से शिव कुमारी साहू मैडम, अजय श्री मैडम, गोदावरी पंसारी मैडम मौजूद रहे।





# नगर में बाल कांवड़ यात्रा निकाली गई

## कावड़ यात्रा श्रद्धा भक्ति और समर्पण का प्रतीक है - आशीष बंसल

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** प्रतिवर्षानुसार नगर में बाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। मारवाड़ी बाल कावड़ यात्रा समिति द्वारा सावन माह के चौथे रविवार को बाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा कुटी धाम से जल लेकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पहुंची। जहां बालक कांवरियो ने भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण किया गया। मौके पर बच्चों के परिजन मौजूद थे। छोटे-छोटे बच्चे भक्ति में डुबकी लगा बोल बम ,बोल बम बोलते जल भरकर अपने



कंधे पर कांवर उठाकर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में जल चढ़ाया गया। इसके पश्चात आरती की गई। भेंट वार्ता के दौरान आशीष बंसल,पूर्व पार्षद विजय शर्मा ने बताया कि नगर व क्षेत्र की सुख, समृद्धि के लिए कांवड़ यात्रा निकाली गई, आगे आपने बताया कावड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था और समर्पण का प्रतीक है। मान्यता है की कावड़ यात्रा करने से सभी पापों का नाश होता है। और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही देवों के देव महादेव की कृपा मिलती है और जीवन में शुभता आती है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में ग्रामीणों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिली रही है



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत नगर के सभी 15 वार्डों में इसकी सुविधा मिल रही है। मोबाइल यूनिट सप्ताह में 2 दिन अपनी सेवा देती है ।

बुधवार, शनिवार सुबह 8:00 बजे से 3:00 बजे तक विभिन्न वार्डों में कैंप लगाती है। वही मरीजों के विभिन्न प्रकार की जांच की जाती है। साथ ही मुफ्त दवाएं भी दी जाती है। हाल ही



में वार्ड क्रमांक एक में लगे कैंप में 75 मरीजों की जांच की गई। दवाई दी गई, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया ने बताया, इस योजना से लोगों को घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के जरिए जरूरतमंद नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। जो सराहनीय कार्य है। मोबाईल मेडिकल यूनिट स्टाफ डॉ.राय सिंग चौरसिया, फार्मासिस्ट भुवन साहू, विजय कुमार, नर्स चंद्रा किरण मौजूद थे।

# सपाद लक्षेश्वरधाम सलधा में अनिल सिंघानिया हुए मानस पुंज कला रत्न से सम्मानित



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** सपाद लक्षेश्वरधाम, सलधा में आयोजित भव्य धार्मिक कार्यक्रम में श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया को मानस पुंज कला रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भद्रकाली मानस संघ, जिला बेमेतरा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद जी, साजा विधायक श्री ईश्वर साहू जी, देवलाल सिन्हा (मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा तथा तहसील मानस संघ अध्यक्षगण श्रवण कुमार साहू(साजा), बिहारी लाल यादव(बेमेतरा) उत्तम साहू(बेरला) एवं महेश कुमार साहू (नवागढ़) के करकमलों से यह सम्मान उन्हें उनके सामाजिक, सनातन धर्म सेवा एवं गोवंश संरक्षण-संवर्धन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिनंदन पत्र भेंट कर श्री सिंघानिया का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दंडी स्वामी जी ने कहा कि हर कोई जीवन जीता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो अपने कार्यों से समाज में विशेष स्थान बनाते हैं। सम्मान उन्हीं का होता है जो सम्मान के योग्य कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मानस प्रेमी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ननों को समर्थन देने पर राहुल का पुतला फूंका

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**नंदिनी अहिवारा।** केरल की दो ननों की गिरफ्तारी के मामले में कांग्रेस नेताओं द्वारा खुलकर समर्थन दिए जाने के विरोध में बजरंग दल ने शुक्रवार को ग्राम मेड़ेसरा में प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा सार्वजनिक मंच से गिरफ्तार ननों का समर्थन करना हिंदू समाज की



भावनाओं के साथ सीधा-सीधा खिलवाड़ है।

विभाग सह-संयोजक कुशल तिवारी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में जिला संयोजक कमलेश यादव, जिला सह-संयोजक सोमनाथ यादव, राजा साहू, तिलक पटेल, अनिल पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में बजरंगी कार्यकर्ता मौजूद थे। बजरंग दल ने जिला प्रशासन से मांग की कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और कड़ी जांच की जाए। नंदिनी अहिवारा में हिंदू समाज के लोगों ने पुतला दहन किया।

# कोंडागांव में CAF प्लाटून-कमांडर ने खुद को मारी गोली

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में बयानार में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (CAF) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। जवान की पहचान सीएएफ कैंप में पदस्थ प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल के रूप में हुई है, जो कि दुर्ग जिले के रहने वाले थे। घटना रविवार देर रात की है। अभी तक आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो पाई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अब तक किसी भी अधिकारी ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है।





पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जवान के आत्महत्या की असल वजह जानने की कोशिश की जा रही है।

# भाटापारा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की दबिश मौके पर ही बालूशाही व गुलगुला भजिया को नष्ट कराया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाटापारा शहर के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा भाटापारा शहर के कुल 10 होटल, रेस्टोरेंट एवं मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 4 संस्थानों में साफ - सफाई की कमी एवं हाइजिनिक तौर पर फूड हैंडलिंग नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी करते हुए 5



दिवस के ज़ीतर व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए । इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 51 प्रकार के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों की जांच की गई जिसमें से 49 मानक एवं 2अवमानक रिपोर्ट प्राप्त हुए। अवमानक प्राप्त बालूशाही एवं गुलगुला ज़जिया को मौके पर ही नष्ट कराया गया।

# मार्ग जर्जर होने से ग्रामीणों का जीवन हो रहा दुखदायी

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** आजादी के 77 सालों बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा स्वास्थ्य सड़क की समस्याएं आज भी भयावह बनी हुई हैं। ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं को भी तरस रहे हैं। प्रदेश की अधिकांश सड़कें चमचमाती हुयी बन गयी हैं। यातायात को सुगम बनाने नयी - नयी सड़कों का जाल बिछ रहा है। शहर से बाई पास मार्ग बनाये जा रहे हैं। देश और प्रदेश सड़क निर्माण के मामले में नया कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। फिर भी बहुत से ग्रामीण इलाके सड़क को मोहताज हैं। जीर्ण - शीर्ण मार्ग में उनके जीवन की विकास रेखा दफन हो रही है। ऐसा ही एक मार्ग है



बेलतरा से गौरझूमर यह मार्ग इतना जर्जर है कि इसमें चार और दो पहिया वाहन चलना तो दूर पैदल चलना भी किसी खतरनाक कम से काम नहीं है। इस मार्ग में इतने दलदल हैं कि आए दिन मार्ग से आने जाने वाले लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। यह मार्ग कच्चा है अब तक यह डामरीकृत नहीं हो पाया है। इस मार्ग से ग्राम बरगढ़ा, सोमई, बेलगॉव, बेलतरा, टेढ़ी के लोग अपने दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए तथा शिक्षा स्वास्थ्य के लिए थानखम्हरिया आते हैं। लेकिन यह मार्ग अत्यंत जर्जर होने से ग्रामीणों को अनेक किलोमीटर घूमकर गंतव्य जाना पड़ता है। इस मार्ग के आसपास के किसानों को अपने खेतों में जाने के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कृषक नीलकण्ठ साहू ने बताया कि ग्रामीणों को खेत जुतायी, बुवायी, मिंजायी के लिए ट्रैक्टर को खेत में ले जाने के लिए, फसल को खेत से घर तक लाने के लिए अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को भी मशक्कत करनी पड़ती है। टेढ़ी के कृषक राजेश पटेल ने बताया कि आठवीं की पढ़ायी के बाद गॉव के स्कूली बच्चों को तीन किमी बेलतरा की बजाय मजबूरन सात किमी ठेलका भेजना पड़ता है। कुछ वर्ष पूर्व भाजपा सरकार द्वारा इस मार्ग के डामरीकरण की स्वीकृति दी गयी थी लेकिन सरकार की यह घोषणा न जाने किस फाइल में दब कर रह गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि बेलतरा से गौरझूमर इस मार्ग का शीघ्र निर्माण किया जाए।

# ग्राम खिलोरा में आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर संपन्न

ब्यूरो चीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** आयुक्त आयुष विभाग छ. ग.शासन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.गोदावरी पैंकरा बलौदाबाजार के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 29 /7 /25 को निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन सिमगा ब्लॉक के ग्राम खिलोरा के महामाया चौक में किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम की सरपंच श्रीमति अनीता साहू एवं जनपद सदस्य श्री मति नर्मदा साहू जनप्रतिनिधि श्री कुंभ साहू श्री लक्ष्मी नारायण वर्मा आदि के द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा के साथ हुआ। शिविर में नि:शुल्क बी पी जांच, शुगर जांच,नेत्र जांच ,दंत परीक्षण, एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण तथा काढ़ा वितरण किया गया।387 लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिला। उक्त शिविर में शिविर प्रभारी डॉ नम्रता सिंघानिया,डॉ सुरेश मेहता,डॉ अनिता, डॉ रितु रानी वर्मा, डॉ अदिति सोनवानी,डॉ प्राची चंद्रा एवं दंत चिकित्सक डॉ सोनम वर्मा (CHC सुहेला) , नेत्र सहायक श्रीमति गायत्री वर्मा( प्रा.स्वा.केंद्र हथबंद ), लैब तकनीशियन श्री योगेन्द्र वर्मा ( प्रा.स्वा.केंद्र हथबंद ),फार्मासिस्ट श्री गोविंद पैकरा ,बद्री प्रसाद शाह औषधालय सेवक



रामगोपाल वर्मा ,कुसुम राजवाड़े, घनश्याम गायकवाड़ ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में आए लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय,घरेलू उपचार,बरसाती बीमारियों से बचने के आवश्यक सुझाव,उच्च रक्तचाप,रक्त शर्करा आदि से संबंधित विषयों के बारे में जानकारी भी दी गई एवं पम्पलेट वितरण किया गया।

# श्री महासती मंदिर का 73 वां वार्षिकोत्सव 5 अगस्त से



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** श्री महासती मंदिर का 73 वां वार्षिकोंत्सव 5 से 7अगस्त तक मनाया जायेगा। 6 अगस्त द्वादश के दिन मुख्य कार्यक्रम में सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ पंचमुखी सुंदरकांड समिति के द्वारा दोपहर 12 बजे मुख्य गभर्गृह में छप्पन ज़ेग व महाआरती होगी। दोपहर 2 बजे से रामराज्यभिषेक पंडित सनत कुमार मिश्र चित्रकूट , पंडित नंदकिशोर जी वैष्णव भाटापारा बिंदु सत्संग मंडल एवं श्याम मित्र मंडल के द्वारा संपन्न के बाद श्री राम दरबार की आरती व प्रसाद वितरण किया जायेगा। रात 7 बजे पुन: मुख्य दरबार की आरती तथा रात्रि 8 बजे से जयपुर से आ रही भजन प्रवाहिका श्री मति कोमल शर्मा जी का भजन कार्यक्रम होगा ।

**प्रधानमंत्री की विशेष पहल से बस्तर समेत प्रदेश भर में रेल सेवाओं का बढ़ा दायरा - मुख्यमंत्री**

# रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का हुआ भव्य शुभारंभ

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने राजधानी रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नई सेवा के लिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।







शुभारंभ के खास मौके पर गुजरात के भावनगर में आयोजित मुख्य समारोह से केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और मनसुख मांडविया तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली उपस्थित रहे। मुख्य समारोह में रीवा-पुणे (हड़पसर) एक्सप्रेस एवं भावनगर टर्मिनस-अयोध्या एक्सप्रेस का भी रीवा एवं भावनगर से शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव की विशेष पहल से आज तीन नई ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ हुआ है और इसमें छत्तीसगढ़ को भी रायपुर-जबलपुर नई ट्रेन सेवा की बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने नई रेल सेवा के लिए प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में छत्तीसगढ़ का रेल का बजट 21 गुना बढ़ा है और इस साल 6 हजार 900 करोड़ की राशि मिली है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाएं संचालित है, जो छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को 680 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त बनाने के साथ ही पूरा कायाकल्प जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद से पीड़ित और वहां भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नई रेल परियोजनाओं की सौगात दी है। रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना सहित अन्य महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएं भी हमारे छत्तीसगढ़ को मिली है, इसके लिए भी उन्होंने विशेष रूप से आभार जताया। श्री साय ने कहा कि रायपुर से जबलपुर के लिए वैकल्पिक रेल सेवा मिलने से पर्यटन, शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। नई रेल सेवा मिलने से छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आस्था और पर्यटन के प्रमुख केंद्र जैसे मां बमलेश्वरी की भूमि डोंगरगढ़ और भेड़ाघाट सीधे इन बड़े शहरों से जुड़ पाएंगे।

मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति DRUCC के वरिष्ठ सदस्य श्री खुशीकांत वाढेर ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्रीनरेन्द्र मोदीजी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है।

# मोबाईल व अन्य माध्यमों से सट्टा पट्टी पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

## आरोपियों से 08 नग मोबाईल, सट्टा पट्टी एवं रजिस्टर तथा नगदी रकम 41055/- रूपये किया गया जप्त

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग ।** सुपेला पुलिस को मुखबिर से मटन मार्केट सुपेला एवं उडिया मोहल्ला मस्जिद के पास सुपेला में कुछ लोग रूपये पैसे लेकर अंको के सामने रूपये पैसे का दांव लगवाकर मोबाईल व अन्य माध्यमों से सट्टा पट्टी के माध्यम से सट्टा खेला रहा है।* सुचना पर हमराह स्टाफ व गवाहों के मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही किया जहाँ पर आरोपियों द्वारा संगठित होकर लोगों से रूपये पैसे लेकर अंको के सामने रूपये पैसे का दांव लगवाकर मोबाईल व अन्य माध्यमों से सट्टा खेलाते पकड़ा गया है। जिनके विरुद्ध पृथक पृथक कार्यवाही करते हुए आरोपी राकेश उर्फ कुन्नु चौहान से कुल रकम 12,410/- रूपया तथा आरोपी रवि दीप उर्फ तुफान से 4,525/- रूपया व आरोपी अशोक बघेल से 1,720/- रूपया आरोपी अर्जुन सोनकर से 1,050/- रूपया। तथा सभी से 01-01 नग मोबाईल, सट्टा पट्टी पची व डाट पेन कुल रकम 19,705/- रूपया को समक्ष गवाहों के जप्त कर विधिवत कार्यवाही कर



आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अपराध क्र. 891/2025 धारा 06 (ख) छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधि0 2022, 112 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

इसी प्रकार मटन मार्केट सुपेला से आरोपी रवि उर्फ चुचरु साहनी से 8,200/- रुपए, रितेश नायर से 2,600/- रुपए, राहुल साहनी से 5,170/- रुपए व अमित विभार से 5,380/- रुपए तथा सभी से एक-एक नग मोबाइल, सट्टा पट्टी पर्ची व डॉट पेन कुल रकम 21,350/- रुपए को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। *मामले में अपराध क्रमांक 893/2025 धारा 06 (घ) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022,112 बीएनएस कायम कर

> मटन मार्केट सुपेला एवं उडिया मोहल्ला मस्जिद के पास सुपेला में लोगों से दाव लगवाकर खिलवाया जा रहा था सट्टा।
>
> संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस के तहत की गई कार्यवाही।
>
> कुल 08 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार।




विवेचना में लिया गया है।

**नाम आरोपीगण -**

1. राकेश उर्फ कुन्नु चौहान पिता गिना चौहान उम्र 35 साल साकिन उडीया मोहल्ला शंकर पारा सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग
2. रवि दीप उर्फ तुफान पिता अशोक दीप उम्र 29 साल साकिन उडीया मोहल्ला शंकर पारा सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग
3. अशोक बघेल पिता स्व छोटु बघेल उम्र 38 साल साकिन उडीया मोहल्ला शंकर पारा सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग
4. अर्जुन सोनकर पिता स्व दिनेश सोनकर उम्र 32 साल साकिन पारस कापरेटिव के पास राजीव नगर सुपेला जिला दुर्ग

***नाम आरोपी-***

*1.रवि उर्फ चूचरू साहनी पिता स्वर्गीय शिव मूरत साहनी उम्र 37 साल पता शिव मंदिर के पास राजीव नगर सुपेला*

*2 रितेश नायर पिता त्रिनाथ नायर उम्र 20 साल पता शंकर पर उड़िया मोहल्ला सुपेला*

*3 राहुल साहनी पिता स्व नंदू साहनी उम्र 32 साल पता मल्लाह पारा नेहरू भवन रोड सुपेला*

*4 अमित विभार पिता शंकर विभार उम्र 26 साल पता उड़िया मोहल्ला शंकर पर सुपेला*

*उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक विजय यादव, सउनि राजेश तिवारी, प्र.आर. योगेश चंद्राकर, उपेन्द्र सिंह, आर. रमेश यादव, सुरेन्द्र गिरी, का विशेष योगदान रहा।*

# दामाद की हत्या : पिता और पुत्री को आजीवन कारावास

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दामाद की हत्या करने वाले पिता-पुत्री को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। आरोपी महिला का पति आए दिन उससे झगड़ा करने उसके मायके पहुंच जाता था। इसलिए उसने पिता के साथ मिलकर अपने पति पर हमला कर दिया। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी की अदालत ने आरोपी कविता साहू और उसके पिता गुमान साहू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक भावेश कटारे ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि घटना नेवई थाना अंतर्गत 25 मई 2023 की है। पुलिस को अभिषेक साहू नाम का व्यक्ति इंदिरा चौक, स्टेशन मरोदा में गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के गहरे निशान मिले। पुलिस ने हत्या मानकर जांच शुरू की। पता चला कि चार साल पहले मृतक अभिषेक ने इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा निवासी कविता साहू से प्रेम विवाह किया था। उसका एक ढाई साल का बेटा भी था। वर्ष 2022 में अभिषेक चोरी के एक प्रकरण में जेल चला गया। छूटने के बाद दंपती के बीच मनमुटाव शुरू हो गया। इसी बीच कविता बेटे को पति के पास छोड़कर मायके चली गई। 25 मई 2023 की सुबह अभिषेक अपने ससुराल गया। बच्चे को रखने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। रात 8 बजे कविता और उसके पिता ने उस पर हमला कर दिया।




# हाईवे पर मवेशियों की दृश्यता बढ़ाने ट्रैफिक पुलिस दुर्ग की पहल

## मवेशियों को रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाकर दुर्घटनाओं की रोकथाम

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा रूप से विचरण कर रहे मवेशियों की आवाजाही को दृष्टिगत रखते हुए सड़क सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अभियान के अंतर्गत हाईवे पर पाए गए मवेशियों को रिफ्लेक्टर युक्त बेल्ट पहनाए गए, जिससे रात्रि के समय तेज गति से चलने वाले वाहनों को दूर से ही मवेशी दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो। यह अभियान विशेष रूप से दुर्ग-भिलाई क्षेत्र, टेढ़ेसरा रोड, पुलगांव बायपास, रिसाली, नेहरू नगर मुख्य मार्ग, सुपेला चौक, वैशाली नगर रोड, स्मृति नगर मेन रोड, और ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य प्रमुख एवं व्यस्त मार्गों पर केंद्रित रहा।

उल्लेखनीय है कि मवेशियों की अचानक उपस्थिति से रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। इसी



> 36 लापरवाह मवेशी मालिकों के विरुद्ध धारा 152 बीएनएसएस के तहत पूर्व में कार्यवाही किया गया था।
>
> . लापरवाह मवेशी मालिकों के विरुद्ध लगातार जारी रहेगी कार्यवाही।

के मद्देनज़र, ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह निवारक कार्यवाही की गई है, जो आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। अभियान के दौरान चिन्हित मवेशियों को नगर निगम के सहयोग से सुरक्षित स्थानों पर भेजने की भी प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अतिरिक्त, मवेशियों के मालिकों को चिन्हांकित कर संबंधित थानों के माध्यम से उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई है, जिससे भविष्य में सड़कों पर मवेशियों की अनियंत्रित आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें एवं मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें, जिससे जनहित में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाई जा सके।

# ग्रामीणों को तरक्की की मुख्यधारा से जोड़ रही भाजपा सरकार- शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा** – क्षेत्र में अधोसंरचना विकास से लेकर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है,जिसके लिए हमारा प्रयास अनवरत जारी है। उक्त बाते विधानसभा के निपनिया मंडल अंतर्गत ग्राम कोदवा में बनने वाले निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं साहू समाज भवन के आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित कर कही।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन ग्राम कोदवा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य कर रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामों का समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत ग्रामीणजनों को तरक्की की मुख्यधारा से जोड़ रही है।





## जनता की समस्याओं का निराकरण करना हमारा लक्ष्य

*शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, आज हमारे प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किये जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सभी विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, सभापति जनपद मालिक राम साहू , मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु , भाजपा नेता राजेश पटेल, सरपंच चन्द्रिका दिलीप रात्रे, उपसरपंच सरिता अजय यदु सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे..*

## कौशल से समृद्धि की ओर - युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर मुख्यमंत्री श्री साय का विशेष जोर

# कौशल प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ें, युवाओं को बनाएं आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को सीधे रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है। इसके लिए विभाग द्वारा निरंतर नवाचार और प्रभावी कार्ययोजना आवश्यक है।



मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2025–26 के लिए जिलेवार प्रशिक्षण उपलब्धि और आबंटित बजट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक 549 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि पुनर्वास केंद्रों में 382 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में पीएम जनमन योजना के तहत अत्यंत पिछड़ी जनजाति (PVTG) के युवाओं को दिए जा रहे कोर्सवार प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई।



बैठक में विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1 जुलाई 2025 से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चेहरा-आधारित स्कैनिंग प्रणाली द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और निगरानी में सुधार हुआ है।

बैठक में विभाग द्वारा निजी संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा संस्थानों से किए गए समझौते शामिल हैं। इन संस्थानों के माध्यम से राज्य में गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

बैठक में 'कौशल तिहार 2025' के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तरीय दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें दो आयु वर्ग – 22 वर्ष से कम एवं 22 वर्ष से अधिक – के प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 10 प्रमुख ट्रेड ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, ब्रिकलेइंग, रिन्युएबल एनर्जी हेल्थ एंड सोशल केयर, प्लंबिंग एंड हीटिंग, इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशंस, इलेक्ट्रॉनिक्स फील्ड टेक्नीशियन, कंप्यूटर, मोबाइल फोन टेक्नीशियन, ग्राफिक डिजाइन टेक्नोलॉजी/डेस्कटॉप पब्लिशिंग तथा रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग शामिल है जिला स्तर पर प्रत्येक ट्रेड और आयु वर्ग से दो विजेताओं का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर के विजेताओं को पुरस्कार, ट्रॉफी और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्हें इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा, जहाँ से चयनित प्रतिभागी 'वर्ल्ड स्किल्स 2026', शंघाई (चीन) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कौशल विकास योजनाओं को युवाओं की आजीविका, आत्मनिर्भरता और भविष्य के निर्माण से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सतत प्रयास करने के निर्देश दिए।

# गोदाम में फाइनेंस गाड़ियों को काटकर खपाया जा रहा था, 3 आरोपी गिरफ्तार

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**भिलाई।** खुर्सीपार थाना पुलिस ललित कबाड़ी के गोदाम पर रेड मारकर बैंक से बंधक गाड़ी का स्क्रैप पकड़ा है। मौके से पुलिस को दो ट्रेलर के बॉडी पार्ट मिले। प्रकरण में पुलिस ने आरोपी ललित कबाड़ी उर्फ ललित साहू का बेटा प्रेम साहू समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। वहीं, मुख्य आरोपी ललित कबाड़ी फरार चल रहा है।

थाना पुलिस ने बताया कि एसीसीयू और थाने की टीम न मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित गोदाम पर रेड मारी, जहां ट्रेलर (सीजी 12 एआर 7479) की बॉडी और ट्रेलर (सीजी 12 एआर 7479) की मुंडी मिली। पुलिस ने बताया कि आरोपी ललित और उसका बेटा प्रेम साहू बड़ी गाड़ियां ट्रक ,टैंकर ,हाईवा और बड़े कबाड़ के माल को कटिंग करके उनके इंजन एवं पार्ट्स को अलग-अलग करवा कर रायपुर में खपाने का काम करते हैं। शुक्रवार की कार्रवाई के दौरान भी आरोपियों के गोदाम से 5.24 लाख का स्कैप समेत कुल 7.40 लाख रुपए का सामान जप्त किया। मौके से पुलिस ने आर्य नगर कोहका निवासी प्रेम कुमार साहू पिता ललित साहू (32 वर्ष), न्यू खुर्सीपार निवासी राजेन्द्र कुमार सिंह (55वर्ष ) और सड़क नंबर 16 सेक्टर 2 निवासी विशाल शाही (47 वर्ष) को हिरासत में लिया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 316(2), 317(2), 317(4), 111(3), 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर तीनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। ललित कबाड़ी के बेटे प्रेम साहू पर पहली बार कार्रवाई भिलाई 3 थाना पुलिस ने इस साल फरवरी माह में की थी। उम्दा रोड स्थित एक फैक्ट्री के गोदाम से पुलिस को ट्रक और ट्रेलर के पार्ट्स मिले थे। मामले में जेल से छूटने के बाद आरोपी दोबारा से पिता के साथ चोरी और फाइनेंस गाड़ियों को काटने में जुट गए।वहीं, तिरंगा चौक स्थित गोदाम में चोरी छुपे कबाड़ी का काम कर रहे पांडेय कबाड़ी पर अब तक कार्रवाई नहीं की गई।

## 39 वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए डॉ. शर्मा



**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर में सहायक परियोजना अधिकारी पद पर कार्यरत रहे डॉ. चुन्नीलाल शर्मा 31 जुलाई 2025 को अपनी 39 वर्षों की दीर्घ और समर्पित सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. शर्मा ने जुलाई 1986 में अपनी सेवा की शुरुआत की थी और कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियाँ अत्यंत प्रेरणादायक हैं - बीएससी, एमए (हिंदी, समाजशास्त्र, इतिहास), एमएसडब्ल्यू, बीएड, एमबीए, लोक संगीत में डिप्लोमा और समाज कार्य में पीएचडी शामिल हैं। वे एक प्रेरक वक्ता और समर्पित समाजसेवी के रूप में भी व्यापक पहचान रखते हैं। विगत तीन दशकों में उन्होंने विभिन्न महाविद्यालयों, प्रशासनिक अकादमियों एवं प्रशिक्षण संस्थानों - जैसे लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी, मसूरी और छत्तीसगढ़ प्रशासनिक अकादमी में करियर मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए हैं।

# छत्तीसगढ़ में माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक 2025 हुआ पारित

## व्यापार और वाणिज्य को मिलेगी नई गति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा पारित माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 राज्य में व्यापार एवं वाणिज्य को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस संशोधन विधेयक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को कानूनी राहत, कारोबारी प्रक्रियाओं को सरल बनाना, कर मामलों का शीघ्र निराकरण और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। बता दें कि विधेयक में इनपुट टैक्स क्रेडिट के प्रावधानों को और स्पष्ट किया गया है ताकि कारोबार, कर भुगतान और क्रेडिट के उपयोग में पारदर्शिता आ सके। विशेष श्रेणी के लेन-देन (जैसे सेज़, निर्यात, वेयरहाउस परिसंचरण) को स्पष्ट परिभाषित किया गया है। साथ ही वित्त अधिनियम, 2025 के केंद्र सरकार के संशोधनों के अनुरूप कई तकनीकी और प्रक्रियागत बदलाव किए गए हैं।





माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025 के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर नियम में संशोधन किया गया है। अब आईजीएसटी में रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के अंतर्गत प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट का वितरण अपनी शाखाओं में करने की अनुमति मिलेगी। इससे जीएसटी अधिनियम की विसंगतियां दूर होंगी और 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा मिलेगा।

विधेयक में ऐसी पेनल्टी की राशि जिसमें टैक्स डिमांड शामिल नहीं है, ऐसे प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए पूर्व डिपॉजिट 25 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार वाउचर टैक्स निर्धारण को और अधिक स्पष्ट किया गया है। पहले जीएसटी प्रणाली में वाउचर पर कर निर्धारण के संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं थी। इस पर जीएसटी कब लगेगा- 'इन्हें जारी करने के समय या इन्हें रिडीम करते समय', इस संबंध में विभिन्न एडवांस रूलिंग अथॉरिटी में मतभेद था। संशोधन विधेयक के अनुसार अब वाउचर रिडीम करते समय जीएसटी लगेगा।

### तंबाकू आदि उत्पादों के लिए ट्रैक एंड ट्रेस मैकेनिज्म किया गया लागू

तंबाकू आदि उत्पादों के लिए ट्रैक एंड ट्रेस मैकेनिज्म लागू किया गया है, जिससे उनकी आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी हो सकेगी। ऐसे उत्पादों के सभी यूनिट पैकेट में एक क्यूआर कोड अंकित करना होगा, जिसे स्कैन करने पर निर्माता, उत्पाद, एमआरपी, विक्रेता, बिल आदेश, भुगतान के सभी रिकॉर्ड आदि जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही निर्माता और होलसेलर को इन यूनिट पैकेट के मूवमेंट का रिकॉर्ड रखना होगा, ताकि जांच एजेंसियों को किसी भी समय ऐसी सूचनाएं उपलब्ध हो सकें।

### फिजिकल मूवमेंट के बिना क्रय-विक्रय पर नहीं लगेगी GST

विशेष आर्थिक क्षेत्र को प्रोत्साहन के तहत इन विशेष क्षेत्रों के वेयरहाउस में रखे गए वस्तुओं के निर्यात किए जाने से पूर्व वस्तुओं के फिजिकल मूवमेंट के बिना क्रय-विक्रय किए जाने पर अब जीएसटी नहीं लगेगा। यह बदलाव सेज़ में निवेश और कारोबार को बढ़ावा देगा तथा ये क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। विधेयक में 'प्लांट या मशीनरी' शब्दों के स्थान पर 'प्लांट और मशीनरी' शब्दों को प्रतिस्थापित किया गया है। प्लांट शब्द में 'भवन' सम्मिलित नहीं होगा एवं इस पर इनपुट क्रेडिट की पात्रता नहीं होगी। डिजिटल मुहर, डिजिटल चिन्ह या किसी प्रकार का अन्य चिन्हांकन सहित 'विशिष्ट पहचान चिन्हांकन' का प्रावधान भी शामिल किया गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन बच्चों ने एक साथ लिया जन्म

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन बच्चों ने एक साथ जन्म लिया है। ग्राम कोदवा निवासी श्रीमती सरोजिनी वर्मा पति हेमलाल वर्मा उम्र 29 वर्ष ने सामान्य प्रसव के माध्यम से तीन बच्चों (ट्रिपलेट्स) को जन्म दिया है । तीनों शिशु पूर्णतः स्वस्थ हैं और मां की भी स्थिति सामान्य है। इस सफल प्रसव प्रक्रिया के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्वास्थ्य स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी के मार्गदर्शन में नवजात शिशुओं एवं प्रसूता का संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत सभी शिशु पूरी तरह स्वस्थ पाये गये। यह उपलब्धि सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं टीम के समर्पण को दर्शाती है। चिकित्सा टीम ने इस जटिल प्रसव को सफलतापूर्वक संपन्न कर, एक मिसाल कायम की है। विदित हो की भाटापारा में तीन बच्चो का जन्म एक साथ होने वाली यह दूसरी घटना है । वर्ष 1989 में स्व. डां जितेन्द्र आडिल का चिक्तिसालय रामलीला मैदान के सामने स्थित था जहां तीन बेटियो ने एक साथ जन्म लिया था उस वक्त डां जितेन्द्र आडिल ने उनका नाम गंगा, जमुना, सरस्वती नामकरण किया था उसके बाद भाटापारा में यह दुसरी मातृ प्रसव है जिसमे तीन बच्चो ने एक साथ जन्म लिया है।

# शराब दुकान खोलने पंचायत ने प्रस्ताव नहीं दिया- सरपंच



ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**धमधा।** किसान नेता बाबा टेकसिंग चंदेल के नेतृत्व में किसान बंधु संगठन के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत अछोली में शराब दुकान खोलने के विरोध में एसडीएम धमधा से मुलाकात की। इस दौरान सरपंच नैन बाई द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में की गई जांच की स्थिति पर चर्चा की। सरपंच ने बताया कि अछोली में शराब दुकान खोलने के संबंध में पंचायत की सभा में न तो अनुमोदन लिया गया और न ही प्रस्ताव। ग्राम सभा में इस पर चर्चा तक नहीं की गई। कुछ नेताओं द्वारा षड्यंत्र रचकर फर्जी पंचायत प्रस्ताव बनाया गया। पूरे मामले में कलेक्टर के पास ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया है, जिसके चलते कलेक्टर ने एसडीएम से पूरे मामले की जांच कराने की बात कही थी। इस मौके पर आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा, ढालू वर्मा, अध्यक्ष लोधी समाज धमधा सर्किल, मोती वर्मा पूर्व सरपंच, राजेंद्र वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती का भव्य आयोजन



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** छ.ग. मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनीराज के ग्राम गोढ़ी में डॉ. खूबचंद बघेल जी की 125वीं जयंती का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप राजस्व व खेल मंत्री माननीय टंकराम वर्मा, छ.ग. शासन, अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष माननीय खोडसराम कश्यप , विशिष्ट अतिथि बिल्हा विधायक माननीय धरम लाल कौशिक पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, व राज प्रधान हरिराम वर्मा बिल्हा जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक एवं अन्य विशिष्ट अन्य अतिथियों की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। मांग पर 20 लाख की सामुदायिक भवन व ग्राम पंचायत गोढ़ी की माँग पर 5 लाख का सी सी रोड और खेल मैदान के लिए 2 लाख की घोषणा किये। कार्यक्रम में खेदूराम वर्मा, केजूराम वर्मा, फत्तूराम वर्मा, फेकूराम वर्मा तथा सेवानिवृत्त कौशल प्रसाद वर्मा, दाऊराम वर्मा, भगऊ राम वर्मा व नेवी में चयनित पिन्टू वर्मा, एयर होस्टेज में रिंकी वर्मा प्रदेश में प्रथम स्थान बी.एड. गोल्ड मेडलिस्ट रविकांत वर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के ग्राम पुखम भगवानी वर्मा, शोभाराम वर्मा, मोहन वर्मा, प्रशांत वर्मा शेषनारायण वर्मा, मधुसूदन वर्मा, प्रज्ञानन्द वर्मा, परमानन्द वर्मा, नन्दकुमार वर्मा, बनवाली वर्मा सुन्दर वर्मा, जीवन वर्मा, अनुज वर्मा, अशोक वर्मा, लल्ला वर्मा, भरतलाल वर्मा, सुजीत वर्मा गेंदराम वर्मा, मनराखन वर्मा,रमेश अजीत नारायण विद्या लल्लू नकुल कृष्णा परमानंद इत्यादि स्वजातीय गण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन बृजभूषण वर्मा जी द्वारा किया गया।

# कुंवरदास डहरिया व्याख्याता डॉ.ए.पी जे . अब्दुल कलाम ज्ञान श्री अवार्ड से सम्मानित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के द्वारा डॉ.ए.पी .जे. अब्दूल कलाम ज्ञान श्री अवार्ड से राजमंहत पंडित कुंवर दास डहरिया व्याख्याता को सम्मानित किया गया है । आयोजन के मुख्य अतिथी डॉ. सुनीता पंद्रो जेपाल विशेष अतिथी अंतराराष्ट्रीय सूफी गायक सुरेश ठाकुर रायपुर, कवि विशाल सिंह ध्रुव, महेन्द्र दास मानिकपुरी ,भजन गायक दुकालु यादव, सुशीला देवी वाल्मीकि और प्रदेशाध्यक्ष जी आर बंजारे शामिल थे । समारोह मे प्रदेश के 40 विभूति अलंकरण अवार्ड 2025 से सम्मानित किये गये ।

राजमंहत पंडितश्री कुंवर दास डहरिया व्याख्याता को शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान के लिये डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ज्ञान श्री अवार्ड 2025 मानद उपाधि राज्य अलंकरण प्रदान किया गया । उन्हे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, करमा महोत्सव, गढ़िया महोत्सव, जिला स्तरीय युवा महोत्सव , कला साधक सम्मान, समाजिक समरसता सम्मान, राष्ट्रीय स्तरीय लोककला साधक सम्मान, देवादास बंजारे रत्न सम्मान, मानस शिरोमणी सम्मान, शिक्षा रत्न सम्मान 2025, कलमकार साहित्य श्री अलंकरण 2025 सम्मान उनको बधाई देने वालो मे प्रमुख रूप से सचिव प्रेम सायमन, श्रीमती लक्ष्मी डहरिया कवित्री व शिक्षिका , डॉ. गोकुल बंजारे ,चंदन सहित लोग शामिल है।

# गांजा तस्कर को पुलिस ने उड़ीसा से पकड़ा एक साथी पहले ही भाटापारा में पकड़ाया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा** । शहर पुलिस को अवैध मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ने में बडी सफ लता मिली है। उपरोक्त संबंध मे पुलिस के मिली जानकारी के अनुसार पिछले जून महीने में पुलिस ने विशाखापटनम कोरबा एक्सप्रेस ट्रेन मे सवार होकर उड़ीसा से भाटापारा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के आरोप मे शिवारायता से स्टेशन के पास ही लगज़ग 1 लाख 76 हजार 800 रूपये मुल्य का 17 किलो 280 ग्राम गांजा जब्त किया गया था। साथ ही उसके पास से एक मोंबाईल ज़ी बरामद किया गया था । उक्त प्रकरण में धारा 20 बी एन डी पी एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्व किया गया था शिवारायता ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उड़ीसा प्रांत के पीपन नायक एवं सीमामामू उर्फ सीमांचल पालका द्वारा ही शिवारायता को गांजा सप्लाई के लिए भाटापारा शहर ज़ेजा गया था। उक्त मामले मे शहर पुलिस ने उक्त दोनो प्रमुख आरोपियों को विधिवत 30 जुलाई दिन बुधवार को गिरफ तार किया है । उनके कब्जे दो मोंबाईल ज़ी बरामद किया गया है। पकडें गये आरोपी ने पीपन नायक निवासी भामीपंक पोस्ट - चंदगिरी थाना मोहना जिला गजपति उड़ीसा तथा सीमा मामू उर्फ सीमाचल पालका निवासी ग्राम चांदलीगुडा थाना गुडारी जिला रायगढां उड़ीसा प्रमुख रूप से शामिल है ।

# राजा ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा**। ब्लाक के गांव अमलीडीह में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम क ा आयोजन किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति राजा जयसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए इससे न केवल पर्यावण संतुलित होता हैं, बल्कि वायुमंडलीय शुद्धता ज़ी बनी रहती हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खुमान सिंग वर्मा, सुरेश वर्मा पवन वर्मा तुसार यादव रजत इक्का जगदीश ध्रुव संतोष वर्मा प्रह्लाद वर्मा नंद वर्मा सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आत्मानंद स्कूल में खेल एवं योग शिक्षक की भर्ती

**भाटापारा**। पी. एम. श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलाल मेहता स्कूल में सत्र 2025-26 हेतु अंशकालीन खेल शिक्षक /योगा शिक्षक के एक पद के लिए सेवाएं ली जानी है जिसके लिए न्यूनतम योग्यता शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री अथवा योग शिक्षा में स्नातक डिग्री होना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य केशव देवांगन ने बताया कि इस पद के लिए इच्छुक उमीदवार आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों सहित 5 अगस्त 2025 तक विद्यालय में जमा कर सकते है। उम्मीदवार का चयन मेरिट आधार पर होगा जिसका निर्णय जिला स्तर पर जिला समिति के अनुसार चयन होगा।अधिकृत जानकारी हेतु दशहरा मैदान रावणभाटा स्थित आत्मानंद विद्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

### सिद्वबाबा शराब भट्टी को हटाने के लिए ग्रामीण हुए लामबंद

**भाटापारा**। शहर सीमा से लगे गांव धौराभाटा सिद्वबाबा के ग्रामीणो ने जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियो से भंट कर सिद्वबाबा शराब ज़टटी को अन्यत्र हटाने की मांग की साथ ही ग्रामीणो ने कहा कि सिद्वबाबा क्षेत्र में मांस मंदिरा की बिक्री को पुरी तरह प्रतिबंधित करते हुए उक्त सिद्वबाबा धार्मिक स्थल का विकास किया जाये ग्रामीणो ने अधिकारियो से सिद्वबाबा के बिगड़ते माहौल को देखते हुए उचित कार्यवाही की मांग ज़ी की है।

### माया देवी केसरवानी का निधन



**भाटापारा**। अनाज लाईन के प्रमुख व्यावसायी स्वर्गीय बालकृष्ण केशरवानी की धर्म पत्नि मायादेवी का निधन हो गया। उनका अतिंम संस्कार हिन्दू शमशान घाट में किया गया ।

### रमेश श्रीमाली का निधन



भाटापारा। सदर बाजार के प्रतिष्ठित अनुराधा ज्वेलर्स के संचालक रमेश श्रीमाली का आकस्मिक निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार हिंदू शमशान घाट में किया गया ।

### गिरधर पटेल का गोलोक गमन



**थानखम्हरिया**। समीपस्थ ग्राम तोरन निवासी गिरधर पटेल ( 68 वर्ष ) का 4 अगस्त को दुखद निधन हो गया अंत्येष्टि गॉव के मुक्तिधाम में की गयी। सहज, सरल, धार्मिक प्रवृत्ति के गिरधर पटेल विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। वे बंधुराम पटेल, थानेश्वर पटेल के अनुज तथा गिरीश पटेल के पिता थे। नगर तथा तोरन के प्रबुद्ध नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# बरसात में भाटापारा कृषि उपज मंडी मे धान व उन्हारी के भाव में आये उछाल व तेजी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा**। प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी में बारिश के बावजूद कृषि उपज जिंस की पर्याप्त आवक हुई धान व उन्हारी उपज बेचने आये दुर दराज के किसान अपनी उपज को बरसाती तालपत्री व अन्य सुरक्षा साधनो के बीच सुरक्षा उपाय करके मंडी प्रागंण के ज़ीतर लेकर पहुचे जहा बुधवार को 18 हजार से ज़ी अधिक बोरा धान की आवक हुई जिसमे विष्णु ज़ेग धान ने रिकार्ड उछाल मारते हुए 9080 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिक कर किसानो को उनकी उपज का अच्छा भाव दिया श्री राम ई नेम धान 2700 रूपये प्रति क्विटल पर बिका वही माहामाया नया धान का भाव ने ज़ी उछाल मारते हुए 2461 रूपये के भाव में बिका मोटा रगजा धान 1825 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया एचएमटी ई नेम धान 2300 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका श्रीराम ई नेम 2700 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेंचा गया महामाया ई नेम धान 2399 रूपये के तेज भाव से बिका जबकि सरसो 6735 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया गेहू ई नेम 2622 रूपये तथा सामान्य गेहू 2635 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बिका राहर 6100 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका मूंग के भाव मे उछाल आ गया और वह 6750 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया बटरी 3880 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका चना 5250 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बेचा गया इसी तरह मसूर 5841 रूपये प्रति क्विटल के तेज भाव मे बेंचा गया इस प्रकार बरसात के मौसम मे ज़ी किसानो को उनकी उपज का बहुत अच्छा भाव मिल रहा है। जिसके कारण भाटापारा कृषि उपज मंडी में दुर दराज के जिले बिलाईगढ सारंगगढ चापा जांजगीर बेमेतरा कवर्धा मुगेली बिलासपुर के अलावा अन्य जिलो के दूर दूर से आये किसानो ने अपनी उपज बेचकर संतोष जनक भाव प्राप्त किया ।

# किसान देश की रीढ़ हैं' ऊर्जादाता बनाने के लिए हरसंभव काम कर रहे हैं-शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि के हस्तांतरण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने वर्चुवल सहभागिता की यह योजना साल 2019 में शुरू हुई थी, जिसमें हर चार महीने में किसानों को एक किश्त दी जाती है। अब तक 19 किस्तों के जरिए किसानों के खातों में 3.69 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं। 20वीं किस्त के तहत 9.7 करोड़ किसानों को करीब 20,500 करोड़ रुपए किसानों को मिले। इस मौके पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री हर वर्ग के बारे में सोचते हैं। किसानों के लिए उन्होंने हमेशा उनके हित में काम किया है और करते रहेंगे। सरकार द्वारा किसानों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं, आधुनिक तकनीकों, एवं जैविक खेती को लेकर शिवरतन शर्मा ने विस्तार से किसानो से संवाद किया शिवरतन शर्मा ने कहा कि किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, अब ऊर्जा दाता ज़ी बनेगा. हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है. उनके हित में लगातार योजनाएं बना रही है विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग कज़ी गरीबी में रहे ही नहीं, वे गरीबों की बात क्या समझेंगे? प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और किसानों के लिए सोचकर जनधन योजना, किसान निधि जैसी योजनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा'. हमारी सरकार ने उसी संकल्प को आगे बढ़ाया है. किसान हमारे देश की रीढ़ हैं हम उन्हें ऊर्जादाता बनाने के लिए हरसंज़व काम कर रहे हैं शिवरतन शर्मा ने कहा कि जब भारत का किसान सुखी, समृद्ध होगा, तज़ी हमारा देश विश्व गुरु के साथ दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनेगा। जब किसान सामथ्र्यवान, समृद्ध और संपन्न होगा, तज़ी देश के सशक्त भारत के संकल्प को दृणता मिलेगी उक्त अवसर पर आकांक्षा जायसवाल राकेश तिवारी, सुनील यदु, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, कृषि विभाग के अवधेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सरयू समाज द्वारा पौधारोपण व कापी पेसिंल का वितरण




**भाटापारा।** छत्तीसगढ़िया सरयूपारिण ब्राह्मण समाज द्वारा शा.प्रा.शाला धौराभाठा में पौधारोपण करते हुए बच्चों को कॉपी और पेंसिल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष सुनील दुबे,राजदीपक पांडेय,मनीष शुक्ला,अनिल पांडेय,प्रशांत धर दीवान,राजेंद्र दुबे,लक्ष्मीधर दीवान ,उषा मिश्रा,कविता शर्मा,सुषमा दुबे,सीमा तिवारी,भावना शुक्ला,ममता दीवान,सरिता रानी,विजिया पांडेय,रश्मि तिवारी,सुनीला पांडेय,किशोरी दीवान एवं ज्योति तिवारी उपस्थित थे।

# टेहका विद्युत केन्द्र में पौधारोपण




**भाटापारा।** विद्युत विभाग के कार्यपालन अज़ियंता व्ही.के राठिया व वासुदेव साहू, पुनित शुक्ला, पूजा महिलांग, मालिक राम देवांगन, पुनाराम साहू, गंगाप्रसाद ,नवीन नितिन, राजीव,पंचू,परमेश्वर यदु , की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम के तहत टेहका विद्युत उप केन्द्र मे पौधारोपण किया गया ।

# बरसात के मौसम में भी कृषि उपज मंडी में धान की बंपर आवक




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी में बारिश के मौसम के बावजूद कृषि उपज जिंस की बंपर आवक हुई व शनिवार को प्रागंण में 20 हजार से ज़ी अधिक धान व उन्हारी उपज बेचने आये दुर दराज के किसान अपनी उपज को मंडी प्रागंण के ज़ीतर लेकर पहुचे जिसमे विष्णु ज़ेग धान ने रिकार्ड उछाल मारते हुए 9080 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिक कर किसानो को उनकी उपज का अच्छा भाव दिया श्री राम ई नेम धान 2700 रूपये प्रति क्विटल पर बिका वही माहामाया नया धान का भाव ने ज़ी उछाल मारते हुए 2461 रूपये के भाव में बिका मोटा रगजा धान 1825 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया एचएमटी ई नेम धान 2300 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका श्रीराम ई नेम 2700 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेंचा गया महामाया है नेम धान 2399 रूपये के तेज भाव से बिका जबकि सरसो 6735 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया गेहू ई नेम 2622 रूपये तथा सामान्य गेहू 2635 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बिका राहर 6100 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका मूंग के भाव मे उछाल आ गया और वह 6750 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बेचा गया बटरी 3880 रूपये प्रति क्विटल के भाव से बिका चना 5250 रूपये प्रति क्विटल के दर पर बेचा गया इसी तरह मसूर 5841 रूपये प्रति क्विटल के तेज भाव मे बेंचा गया इस प्रकार बरसात के मौसम मे ज़ी किसानो को उनकी उपज का बहुत अच्छा भाव मिल रहा है।

जिसके कारण भाटापारा कृषि उपज मंडी में दुर दराज के जिले बिलाईगढ सारंगगढ चापा जांजगीर बेमेतरा कवर्धा मुगेली बिलासपुर के अलावा अन्य जिलो के दूर दूर से आये किसानो ने अपनी उपज बेचकर संतोष जनक भाव प्राप्त किया ।

## सोमवार पर जगह जगह कांवड़ यात्रा निकाली

# अंतिम सावन सोमवार को शिवभक्ति से सराबोर रहा भाटापारा नगर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर में आखरी सावन सोमवार पर जगह जगह कांवड़ यात्रा निकाली गयी वही अनेक स्थानो पर पार्थिव शिवलिंग पूजन कार्यक्रम ज्ञी संपन्न हुआ । बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश ज्ञाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से शामिल हुये । महाकाल सेवा समिति द्वारा ज्ञव्य शोज्ञा यात्रा निकाली गई जिसमें विज्ञिन्न प्रकार के आर्कषक वेश ज़ूषा में उत्साह व उमंग के साथ शिव के विज्ञिन्न रूपो की झांकी जीवन्तरूप से प्रस्तुत की गई जिसमे हजारो पुरूष व महिलाये शामिल हुए वही टोहडीघाट शिवनाथ नदी से जल लेकर बड़ी संख्या में कांवड़िये पैदल ही शहर के विज्ञिन्न शिवालयो में पहुचे तथा जलाज्ञिषेक दुग्ध



अज्ञिषेक किया प्रदेश ज्ञाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने सहपरिवार रूद्राभिषेक किया । नगर पालिका प्रागंण में स्थित महाकाल मंदिर मे प्रात: से देर रात तक श्रद्घालूओ का तांता लगा रहा वही खप्पर बाबा मंदिर शिवमंदिर, मारवाड़ी कुआ नेहरू वार्ड शिव मंदिर कैलाश धाम शिव मंदिर सिद्वबाबा शिवमंदिर सहित तमाम अन्य मंदिरो में ज्ञी श्रद्वालू भारी तादाद मे पूजा अर्चना के लिए उमड़ पडे़ ।

## टोंहड़ी से सोमनाथ तक कांवड़ यात्रा



**भाटापारा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा टोहड़ीघाट शिवनाथ नदी से जल लेकर कांवड़ यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल सभी भक्तगण सड़क मार्ग से पैदल चलकर सोमनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान किये और वहा पहुचकर जलाभिषेक किया उक्त कार्यक्रम में नारायण यादव, गजेंद्र साहू शिवा यादव, अंकित यादव सनत साहू, लोकेश साहू मुकेश ध्रुव, विजय ध्रुव मनीष यादव, बीरबल यादव समीर देवांगन सहित बड़ी संख्या में तरेंगा गांव के लोग शामिल हुए।




# सशिमं से निकली बाल कॉवर यात्रा

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्रावण मास के पुनीत अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया में कक्षा तृतीय से अष्टम तक के भैया बहनों द्वारा 4 अगस्त को बाल कॉवर यात्रा निकाली गयी। अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया, व्यवस्थापक राकेश जोशी, उपाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, सह व्यवस्थापक पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्राचार्य लखनलाल साहू के कुशल मार्गदर्शन में कावंड़ियों की टोली परंपरागत वेशभूषा में लोक वाद्य यंत्र के साथ भक्ति भजन में सराबोर हो कुटीधाम से जल लेकर पैदल संचलन करते हुए नगर के चौक चौराहों में नृत्य करते हुए सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर स्थित शिवलिंग पर जल अर्पित किया। आचार्यों के साथ सुमधुर भजनों का गायन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा** । एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्ज़ में भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कायशाला तथा संगठनात्मक बैठकन में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनकर, अनिल के एंटोनी एवं कामाख्या प्रसाद तासा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव देश को स्थायित्व और विकास की ओर ले जाने वाला संकल्प हैं कायर्शाला के विषय में बताते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला में देश के सज्ञी राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद रहे एक राष्ट्र एक चुनाव की देश को आवश्यकता है. इस कार्यशाला के माध्यम से एक राष्ट्र का अज्ञियान बने, इस मुद्दे पर चर्चा की गई शिवरतन शर्मा ने कहा है कि बार-बार देश के ज़ीतर चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होता है. पिछले 30 सालों का अगर इतिहास देखेंगे तो हर साल किसी न किसी राज्य का लोकसभा का चुनाव, विधानसभा का चुनाव, निकाय के चुनाव होते रहते हैं। लगातार साल ज़र चुनावी प्रक्रिया चलती रहती हैं, उसी कारण से जहां समय की बर्बादी होती है, धन की बर्बादी संसाधन की बर्बादी होती है शिवरतन शर्मा ने कहा है कि इसके साथ-साथ पूरी सरकारी मशीनरी लगाई जाती है, मुझे जानकारी मिली अज्ञी 2024 के लोकसभा का चुनाव हुआ, जिसमें एक करोड़ से ज्यादा कमर्चारी लगे, देश को हमें अगर विकसित भारत बनाना है विकसित दिशा में लेकर जाना है. तो हमें संसाधनों को ज़ी बचाना होगा और समय को ज़ी बचाना होगा, जैसे-जैसे चुनाव बार-बार आते हैं तो बार-बार आचार संहिता लगते हैं और विकास के काम रुक जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए, राष्ट्र के लिए, एक राष्ट्र एक चुनाव,, एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है. हर देशवासी को गंज़ीरता के साथ इसको लेना चाहिए।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com